Bareilly, Sunday,
21 November 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 14

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. : 08 MIDDLE

# एसआरएमएस में स्पोर्ट्स मीट 'हुंकार' का हुआ समापन

**क्रिकेट में आईपीएस और फुटबॉल में सीईटी ने जीता खिताब**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (20 Nov):** श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बरेली में चल रही तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'हुंकार' का समापन शनिवार को हुआ. सैटरडे खेले गए क्रिकेट के फाइनल में आईपीएस, फुटबॉल में सीईटी, बास्केटबॉल महिला वर्ग में सीईटी 'ए', पुरुष वर्ग में आईएमएस, वॉलीबॉल महिला वर्ग में नर्सिंग ने खिताब हासिल किया. सीईटी के नितिन और आईएमएस के संदीप ने लंबी कूद में गोल्ड जीता.

## 17 को शुरू हुई थी प्रतियोगिता

आयोजन समिति के सचिव डॉ. सोवन मोहंती ने बताया कि 17 नवंबर से शुरू हुई इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'हुंकार' का समापन हो गया. प्रतियोगिता में एसआरएमएस ट्रस्ट के बरेली स्थित समस्त संस्थानों के 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया. आईपीएस और सीईटीआर के बीच खेले गए क्रिकेट फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीईटीआर ने 56 रनों का लक्ष्य रखा. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीईटी की टीम ने इस मैच को 6 विकेट से जीतकर फाइनल ट्राफी अपने नाम की. फुटबॉल मैच सीईटी और सीईटीआर ने खेला इसमें सीईटी की टीम ने दो पेनाल्टी शॉटआउट खेलकर 3-2 से मैच को जीत.

## बास्केटबॉल में हुए दो मैच

बास्केटबॉल के दो मैच खेले गए. पहला मैच महिला वर्ग टीमों सीईटी और नर्सिंग के बीच हुआ जिसमें सीईटी की टीम ने जीत दर्ज की. वहीं दूसरा मुकाबला पुरुष वर्ग का हुआ जिसमें आईएमएस की टीम ने सीईटीआर को हराकर जीत अपने नाम की. प्रतियोगिता में एथलेटिक्स खेल भी खेले गए इसमें लॉन्ग जम्प में आईएमएस के संदीप और सीईटी के नितिन ने गोल्ड जीता. डॉ. मोहंती ने बताया कि विजयी टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण 27 नवंबर को होने वाले सालाना सांस्कृतिक समारोह जेस्ट में किया जाएगा.

**दूसरा मुकाबला पुरुष वर्ग का हुआ जिसमें आईएमएस की टीम ने सीईटीआर को हराकर जीत अपने नाम की.**